हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

12 परमात्मा एक सूक्ष्म शक्ति जो सभी आत्माओं की पिता



12 समाज निर्माण में सबकी भागेदारी जरूरी : मेयर



## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र बंदीरी वाला मंदिर रेलवे स्टेशन से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल को 12 बोतल शराब सहित काबू किया है। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में थाना शहजादपुर क्षेत्र गांव सादिकपुर के पास से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने तुरंत आरोपी सतीश कुमार उर्फ पिंटू को 49 बोतल शराब सहित काबू किया है।

### स्नेचिंग के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अनिकेत को गिरफ्तार किया है। परिवादी अभिषेक ने 12 अप्रैल 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात्रि के समय आरोपियों ने उसे रेलवे रोड धोबी घाट के पास सुनसान क्षेत्र में उससे मारपीट करके नकद राशि, मोबाइल व अन्य दस्तावेज छीन लिए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दवा की बंद फैक्टरी से लाखों का माल चोरी

**समालखा।** समालखा के गढ़ी छाज्जू रोड स्थित प्लस केयर प्राइवेट लिमिटेड दवा कंपनी में से चोरों ने करीब 20 लाख रुपए के उपकरण और मशीनें चोरी हो गई हैं। यह दवा फैक्टरी करीब डेढ साल से बंद थी। वहीं, फैक्टरी के मालिक सुरेंद्र पाल ने बताया कि चार जून की शाम को वह फैक्टरी से घर गए थे। अगली सुबह जब वह अपने बेटे गुणजोत सिंह के साथ फैक्टरी पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सभी कमरों के दरवाजे और ताले टूटे हुए थे। उन्होंने बताया कि चोरों ने फैक्ट्री से करीब 20 लाख रुपये कीमत का सामान चुरा लिया है।

### एटीएम लूट मामले में दो नाबालिग समेत 5 काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने कुटानी रोड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में लूट का प्रयास वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर आरोपियों सूरज निवासी बाबरपुर, करण निवासी गांव शिमला मौलाना, आशु उर्फ बादल निवासी भारत नगर, पानीपत समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो साथी नाबालिग है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि विभिन्न थाना में आरोपी आशु उर्फ बादल पर स्नेचिंग का एक, सूरज पर तीन, आरोपी कर्ण पर पांच व एक नाबालिग पर दो मामले दर्ज है। कोर्ट से कर्ण व सूरज को तीन दिन के रिमांड पर लिया।

### गांव पलहेड़ी में धागा मील आग में हुआ राख

**पानीपत।** पानीपत के गांव पलहेड़ी स्थित मुंजाल इंटरनेशनल धागा मील में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड को सूचित करने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की चार गाडिय़ों के साथ व मिल के कर्मचारियों ने मिलकर करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। मिल मालिक रमन मुंजाल ने बताया आगजनी से कच्चे माल का, बिल्डिंग का और सोलर प्लांट का नुकसान हुआ है। वहीं दमकल अधिकारियों ने मिल में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान के आंकलन की जांच शुरू कर दी है।

### गर्लफ्रेंड को लेकर दंपति में विवाद, कार क्षतिग्रस्त

**पानीपत।** पानीपत के टोल प्लाजा पर जागरण पार्टी संचालक को उसकी पत्नी ने गर्लफ्रेंड के साथ पकड़ लिया। कार जैसे ही टोल प्लाजा पर पहुंची, उसकी पत्नी ने वहीं पहुंच कर खूब हंगामा किया। आरोप है कि महिला ने गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। विवाद बढ़ता देख गर्लफ्रेंड कार से उतर कर फरार हो गई। महिला और उसके साथ आए लोगों ने भागती युवती की वीडियो भी बनाई। इधर, जागरण पार्टी संचालक की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद दोनों पक्ष वहां से चले गए।

## पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में योग आयोग,आयुष व उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की कड़ी में योगाभ्यास व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. डॉ. देशराज बाजवा के मार्गदर्शन में एकता डाँग डायरेक्टर संकल्प योग सेंटर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान एकता डाँग ने एनसीसी, एनएसएस के वॉलिंटियर व शिक्षकों को विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया। इसके पश्चात कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। प्रिंसिपल प्रो डॉ देशराज बाजवा ने इस मौके पर कहा कि युवाओं के बीच शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण की भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सूर्यनमस्कार टीम की नोडल अधिकारी डॉ पूनम राजौरा, एनसीसी अधिकारी डॉ. अजय गौरी, एनएसएस अधिकारी डॉ. आभा चौधरी व डॉ. लक्की वर्मा ने विशेष योगदान दिया ।




## निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया मीठा जल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को श्री शिरडी साईं शक्ति फाउंडेशन (प्राचीन सांईं मंदिर) द्वारा मीठे जल की छबील लगाई गई। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों हर किसी ने इस सेवा को केवल जल या भोजन नहीं आत्मिक अनुभव कहा।

### सेवास्थल पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

किसी ने अपने हाथों से जल पिलाया, किसी ने रोटियां सेंकी, कोई बर्तन धोए। कई सेवा में चुपचाप दान देकर पुण्य अर्जित करते रहे। भंडारे में काले चने, आलू की सब्जी और रोटियां परोसी गई। इस आयोजन में न कोई भेद था, न उंच-नीच, सबके हाथ एक थाल में सेवा करते दिखे –अनेक श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे आगे भी ऐसी सेवाओं में सक्रिय भाग लेंगे।

यह आयोजन साईं बाबा के चरणों में विनम्र अर्पण रहा जिसकी ऊर्जा और अनुभूति वहां उपस्थित हर व्यक्ति के हृदय में अमिट छाप छोड़ गई श्री शिरडी साईं शक्ति फाउंडेशन समर्पित भाव से सभी श्रद्धालुओं, सेवकों और सहयोगियों का हृदयपूर्वक धन्यवाद किया।



**अंबाला।** छबील में राहगीरों को मीठा जल वितरित करते सदस्य।

## किसानों की हुंकार, जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे

करनाल में 9 जून को किया जाएगा रोष प्रदर्शन : रतनमान

### भाकियू के बैनर तले जिला सचिवालय पर करेंगे रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- किसानों की काश्त भूमि पर रेत कारोबारी को कब्जा दिलाने के विरोध में धरना

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान किसानों के जत्थे के साथ धरने के दूसरे दिन पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आंदोलित किसानों के बीच पहुंच कर हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेशाध्यक्ष मान ने किसानों के साथ विचार विर्मश करने के उपरांत आंदोलन की आगामी रणनीति का ऐलान करते हुए कहा कि आने वाली 9 जून को किसान भाकियू के बैनर तले जिला सचिवालय पर रोष प्रदर्शन निकाला जाएगा और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाएं जाने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान अब चुप बैठेने वाले नही है। जब तक उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करने की कोशिशें बंद नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष और तेज होता जाएगा। भाकियू नेताओं व ग्रामीणों ने गोली मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाए जाने की मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मांग की गई है।

सोमवार को प्रदर्शन करने के बाद उपायुक्त उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा जाएगा और एसपी गंगाराम पुनिया से मुलाकात कर केस दर्ज करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के चलते धरना स्थल पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। रतनमान ने मांग की कि प्रशासन धरना स्थल पर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई जाए। धरने को सम्बोधित करने वालों में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, प्रदेश संगठक सचिव श्याम सिंह मान, कोर कमेटी चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, और कार्यालय सचिव राजकुमार नौतना शामिल रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि किसानों की जमीन हड़पने की साजिश को किसी कीमत पर कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर भाकियू नेता राजेंद्र राणा, बबलू सोहाना, ओमपाल, दयाल, मनोहर, राजू, प्रकाश, कविंद्र बदरान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।



**करनाल।** धरने पर बैठे किसान नेता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**यह है मामला**

जनपद के गांव मुस्तफाबाद के रकबे में बीते दिन जिला प्रशासन द्वारा किसानों की काश्त भूमि पर रेत कारोबारी को जब्री कब्जा दिलवाए जाने के मामले में किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। आज धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता श्याम सिंह चौहान ढाकवाला गुजरानं ने की। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि 9 जून को किसान एकजट होकर जोरदार रोष प्रदर्शन करेंगे।

## रोडवेज कर्मचारियों ने यात्री का बैग लौटाकर दिखाई ईमानदारी



**यमुनानगर।** रोडवेज डिपो के अधिकारी बस में मिले बैग को लौटाते हुए।

- बैग में था युवक का लैपटॉप दस्तावेज व अन्य सामान
- बिहार से कुरूक्षेत्र पेपर देने के लिए आया था युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

ईमानदारी अभी भी जिंदा है। इसका प्रमाण शुक्रवार को देखने को मिला। जब हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी ने बस मे मिले बैग को उसके मालिक तक पहुंचाया। बैग वापस मिलने से युवक खुश नजर आया।

जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र से यमुनानगर आ रही यमुनानगर रोडवेज बस में एक बैग बस परिचालक श्रीकांत को मिला। इस बैग बारे यात्रियों से पूछताछ की गई लेकिन किसी का भी यह बैग नहीं था। बैग के मालिक का पता न चलने पर परिचालक श्री कांत ने बैग को बुकिंग ब्रांच में जमा करवा दिया। बुकिंग ब्रांच में सब इंस्पेक्टर जयकुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों ने बैग खोला तो उसमें लैपटॉप, आधार कार्ड व अन्य सामान था। बैग से मिले फोन नंबर पर जब संपर्क किया गया तो यह बैग बिहार के भागलपुर निवासी अनूप राज का निकला। अनूप राज कुरुक्षेत्र पेपर देने आया था और बस में उसका यह बैग रह गया। अनूप से बैग में सभी चीजों की सत्यता के बाद यह बैग अनूप के कहने पर उनके जानकारी को दे दिया गया। इस दौरान ड्यूटी इंस्पेक्टर भीम सिंह भी मौजूद थे।

## हरियाणा में लागू हो उत्तर प्रदेश औद्योगिक पॉलिसी : धमीजा

**पानीपत।** भाजपा संगठन की प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व कई बड़े उद्योगपतियों से बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

वहीं, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने कहा कि भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने उद्योगपतियों की समस्याओं को सुना व जल्द उनका समाधान निकालने का आश्वासन भी दिया है। इधर, विनोद धमीजा ने बताया कि महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता के समक्ष मुख्य रूप से जो समस्याएं रखी। लेबर इंस्पेक्टर राज खत्म करना, अवैध कॉलोनी को नियमित करना, वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगाने की अनुमति के लिए एनओसी देना, बिजली के फिक्स रेट की दरों को कम करना व सबसे बड़ी मांग उत्तर प्रदेश की औद्योगिक पॉलिसी को हरियाणा में लागू करना जैसी अनेक मांग रखी। वहीं, डॉ गुप्ता ने कहा कि पानीपत की औद्योगिक इकाइयों को सुधारने के लिए व उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री के सामने समस्याओं को रखकर जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।



## युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की कॉल सेंटर से एक युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की एक कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। पति की मौत के वह अपनी 17 वर्षीय लड़की व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किराये के मकान में रहती है। उसकी लड़की शहर की प्रोफेसर कॉलोनी स्थित कॉल सेंटर में काम करती है। चार जून को उसकी लड़की काम पर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ की उसकी लड़की को रिषभ नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अवैध खनन में रवाना बिल नहीं मिलने पर छह वाहन किए जब्त

- अवैध खनन की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान जारी :निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इन्द्री/करनाल

जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में खनन विभाग के अधिकारियों की टीम में शामिल एसआई जितेंद्र, एसआई सलिंद्र, एसआई राजेंद्र, एसआई बलकार सिंह, एएसआई देवेंद्र, एएसआई रोशन, एएसआई बिजेंद्र, एएसआई ब्रह्म प्रकाश, हेड कांस्टेबल अशोक व माइनिंग गार्ड रोहताश, नीतेश व विजय द्वारा माइनिंग चेकिंग के दौरान गांव चंद्राव में वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान वैध ई-रवाना बिल नहीं पाए जाने पर छः वाहनों को खनन विभाग द्वारा सीज किया गया। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब के प्रकाश पर्व पर सात दिवसीय समागम शुरू

## भारी संख्या में पहुंची संगत ने नवाया शीश

- श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ समागम का आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

श्रीअकाल तखत साहिब जी सृजनकर्ता धन-धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित समागम शुक्रवार सुबह यहां सुशोभित गुरुद्वारा साहिब पातशही छठी में प्रारंभ हुआ।

दस गुरु साहिबान की ज्योत धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब जी की पहली लड़ी के साथ आरंभ हुए समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, पूर्व प्रधान एवं मौजूद मैंबर जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुलतानी, करनैल सिंह निमनाबाद, बलविंदर सिंह भिंडर, पलविंदर सिंह दरड़, मैंबर बीबी करतार कौर, बलदेव सिंह हाबड़ी, गुरनाम सिंह लाडी, इंदरजीत सिंह, पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, पूर्व मैंबर बेअंत सिंह, भूपिंदर सिंह लाडी, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, धर्म प्रचार सचिव सरबजीत सिंह जम्मू, एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, अस्सिटैंट सैकेटरी रूपिंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, निजी सचिव शमशेर सिंह, धर्म प्रचार प्रभारी गुरपेज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह सहित अलग-अलग राज्यों से पहुंची संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया।

जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने संगत से अपने बच्चों को गुरमत ज्ञान देने एवं गुरबाणी से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने-अपने बच्चों को गुरु इतिहास की जानकारी देनी चाहिए। अब जैसे गर्मियों का अवकाश चल रहे हैं, तो इन दिनों में बच्चों को गुरु साहिबान के ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन करवाने चाहिए। जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने संगत से रूबरू होते हुए गुरु साहिब के प्रकाश पर्व में पूर्ण सहयोग देने की अपील की। एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय सचिव सतपाल सिंह डाचर ने बताया कि यह समागम 12 जून तक चलेगा।

इसमें देश की राजधानी दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से हजारों की गिनती में संगत पहुंचेगी। समागम के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब जी की पहली लड़ी आज प्रारंभ हो गई है और दूसरी लड़ी की शुरूआत 8 जून तथा अंतिम एवं तीसरी लड़ी 10 जून शुरू होगी। तीसरी लड़ी का समापन 12 जून को होने के उपरांत दिन व रात को दीवान सजाए जाएंगें। इसके अलावा 10 जून को भी गुरुद्वारा साहिब में ढाडी दिवान सजाया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में प्रकाश पर्व समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब का पाठ करते पाठी।

## नौकरी दिलवाने के नाम पर महिला से हड़पे डेढ़ लाख रुपये

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

कौशल रोजगार के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर गांव बलाचौर निवासी पूजा रानी से डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप मोहित व अजय कुमार पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूजा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादी के बाद रोजगार की तलाश में थी। इस दौरान उसकी मुलाकात मोहित व अजय कुमार के साथ हुई। वह दोनों आरोपियों को पहले से जानती थी। आरोपियों ने उसे बताया कि उसकी बड़े अधिकारियों के जान पहचान है। वह उसे कौशल रोजगार के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलवा देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने उसे नौकरी के लिए करीब डेढ़ लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। आरोपियों ने उससे 12 दिसंबर 2024 को डेढ़ लाख रुपये और जरूरी दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसे जल्द नौकरी दिलवाने की बात कही। मगर इसके बाद आरोपियों ने उसे नौकरी नहीं दिलवाई। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### पैसे लौटाने से इनकार

पैसे वापस मांगने पर उन्होंने पैसे वापस देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### नशा करने से रोका तो साले ने किया हमला

**यमुनानगर।** कस्बा सरस्वती नगर की गुरु नानक कॉलोनी निवासी इंडियन आर्मी के जवान पर उसके साले ने साथियों के साथ हमला कर घायल कर दिया। आर्मी में तैनात जसबीर ने अपने साले को घर की छत पर नशा करने से रोका था। सेना में तैनात जवान जसबीर ने थाना छप्पर में शिकायत दी है कि 27 मई को वह छुट्टी लेकर घर आया था। वह गुरु नानक कॉलोनी सरस्वती नगर का रहने वाला है। घर पर उसका साला राहुल और उसकी पत्नी मनीषा भी साथ रहते हैं। जसबीर के अनुसार 29 मई की शाम वह और उसकी पत्नी किसी काम से जगाधरी गए थे। रात करीब सात बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि घर की छत पर कुछ लड़के नशा कर रहे थे। उसने उन्हें वहां से भगा दिया। करीब एक घंटे बाद रात आठ बजे उसका साला राहुल तीन-चार लड़कों के साथ घर आया। सभी ने गाली गलौच शुरू कर दी। राहुल और उसके साथियों के हाथ में लकड़ी के डंडे और बिंडे थे। आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसे गंभीर चोटे आई हैं।

# अनधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

## जिला नगर योजनाकार विभाग ने की कार्रवाई, मेहनत की कमाई निवेश नहीं करने की अपील

नायब तहसीलदार बिलासपुर की मौजूदगी में अनधिकृत कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** चंदाखेड़ी में अनाधिकृत कॉलोनी में अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त करते हुए जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा गांव चन्दा खेड़ी में चार एकड़ में विकसित की जा रही अनधिकृत में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया है।

नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नियंत्रित क्षेत्र बिलासपुर में पड़ने वाले राजस्व सम्पदा मौजा गांव चन्दा खेड़ी में चार एकड़ में अनधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस बारे में उन्हें उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। इसके बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए नायब तहसीलदार बिलासपुर की मौजूदगी में अनाधिकृत कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

उन्होंने बताया कि नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करने से पहले कॉलोनी विकसित कर रहे चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और निर्माण कार्य कर दिया गया। जिसके बाद विभाग द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से अनाधिकृत कॉलोनी में बनाई गई सड़कें, नींवें व अन्य निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया।

### अभियान रहेगा जारी

अवैध कॉलोनियों में मेहनत की कमाई का ना करें निवेश

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने आम जनता से अनुरोध किया है कि कोई व्यक्ति किसी अवैध कालोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# पर्यावरण जागरूकता को लेकर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एयू स्माल फाइनेंस बैंक के शाखा सेल्स मैनेजर हरप्रीत सिंह, सीनियर बैंक ऑफसिर बृजेश, बैंक आफिसर शिवानी, सुमित व शालिनी राणा ने सभी अध्यापकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

उन्होंने इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और उसमें संवेदनशीलता विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने एयू बैंक टीम का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने विद्यालय में आकर इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बने। डायरेक्टर विकास शर्मा ने कहा कि आज के समय में जब पर्यावरण संकट वैश्विक चिंता है, ऐसे में हमें अगली पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना होगा। पौधरोपण कार्यक्रम हमारे इसी प्रयास का सार्थक कदम है।



### जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों को जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता के बारे में जागरूक किया

**रादौर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से गांव बकाना में शुक्रवार को जल संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सलाहकार रजनी गोयल एवं रादौर के जूनियर इंजीनियर राजकुमार की अगुवाई में जल घर के डोजर का निरीक्षण किया गया। जिला सलाहकार रजनी गोयल द्वारा रादौर के पैलेस में जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों को जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता बारे जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अनूप कुमार कांबोज ने की। मौके पर सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई। गोयल ने जल एवं सीवरेज कमेटी के कार्यों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार ही पानी का प्रयोग करें। निरर्थक पानी बिल्कुल न बहाएं। अपनी भावी पीढ़ी के लिए जल बचाये और आवश्यकता के अनुसार ही जल का प्रयोग करें। खुले चल रहे नलों पर टूंटी अवश्य लगवाएं क्योंकि जल जीवन दाता है। जल बचाया जा सकता है बनाया नहीं जा सकता। उन्होंने बच्चों को स्कूल की छुट्टियों का सदुपयोग करने की सलाह दी और एक वॉलिंटियर के रूप में गांव में लोगों को पानी का सदुपयोग करने का प्रचार करने बारे आह्वान किया। उन्होंने पानी की क्लोरिनेशन की जांच की विधि भी बताई और मौके पर ही सैंपल चेक किया गया।

### शिविर में पुलिस कर्मचारियों को योग शिक्षकों ने यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया



**यमुनानगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जिला पुलिस प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन जगाधरी में पुलिस कर्मचारियों के लिए एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य योग थीम के अंतर्गत योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस कर्मचारियों को योग शिक्षकों ने यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी मुख्यालय कवलजीत सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने कहा कि योग से शारीरिक एवं मानसिक लाभ प्राप्त होता है। जो पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होता है। योग से सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे। योग अस्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है और मानसिक तनाव को दूर करता है। योगासन शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने में मदद करता हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिलेवासियों से आहवान किया कि योग से जुड़कर नशे से भी दूर हो सकते हैं। शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ.शिव सैनी के द्वारा योग प्रोटोकॉल में ग्रीवा चालन, स्कंद चालन, घुटना चालन, कटी चालन व अन्य योग आसनों का अभ्यास कराया गया। शिविर में 673 पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर जिला के सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज, लाइन अफसर, निरीक्षक विश्वजीत, टीएसआई रणदीप सिंह, ओएएसआई संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्नेह सेवा ट्रस्ट ने नागरिकों को वितरित किए कपड़े के थैले



**यमुनानगर।** स्नेह सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पॉलिथीन का प्रयोग बंद करने को लेकर नागरिकों को कपड़े के थैले वितरित किए। मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों ने लोगों को पॉलिथीन का प्रयोग पूरी तरह बंद करने के लिए जागरुक किया। स्नेह सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने सबसे पहले शहर के नेहरू पार्क में ट्रिपल आर सेंटर पर पुराना सामान देने आए लोगो को कपड़े के थैले दिए। इसके बाद ट्रस्ट के सदस्यों ने शहर के रेलवे रोड़, सब्जी मंडी में सामान खरीदने पहुंचे नागरिकों को कपडे के थैले दिए। साथ ही उन्होंने लोगों को समझाया कि बाजार में यदि सामान खरीदने जाते हैं तो अपने साथ कपड़े का थैला ले जाएं और पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें। क्योंकि पॉलिथीन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नगर निगम यमुनानगर के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने नागरिकों को आहवान किया कि यदि आपके घर पुराने कपड़े, प्लास्टिक का टूटा फुटा सामान, बिजली का खराब सामान पड़ा है तो उसे फेंके नहीं। उसे नगर निगम द्वारा बनाए गए ट्रिपल आर (रिसाइकल, रीयूज व रिड्यूस) केंद्र में दें। केंद्र में इस बेकार सामान को पुनः इस्तेमाल करने के लिए अन्य सामान तैयार किया जाएगा। इससे जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, बेकार वस्तुओं को दोबारा इस्तेमाल के लिए अन्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करें। ताकि हमारा शहर साफ स्वच्छ व सुंदर बन सकें।

### कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सफाई निरीक्षकों को दिए टिप्स

- नगर निगम के हर वार्ड में स्वच्छता कमेटी बनाई जाए



**यमुनानगर।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए आमजन की सहभागिता बहुत जरूरी है। इसके लिए नगर निगम के हर वार्ड में स्वच्छता कमेटी बनाई जाए। कमेटी में भूतपूर्व सैनिक, सेवानिवृत स्कूल व कॉलेज प्राचार्य, अध्यापक, खिलाड़ी, चिकित्सक, पुलिसकर्मी व वार्ड के अन्य मौजिज लोगों को शामिल करें। यह कमेटी स्कूल, संस्थाओं, एनएसएस, एनसीसी व कॉलेज के विद्यार्थियों को साथ लेकर 15 दिन में अपने वार्ड में एक बार स्वच्छता अभियान चलाए। कार्यकारी वाइस चेयरमैन नगर निगम कार्यालय के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उन्होंने नगर निगम के सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों, सफाई निरीक्षकों, सहायक सफाई निरीक्षकों, आईईसी एक्सपर्ट व अन्य निगम अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी स्तर पर आगे बढ़ाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक वार्ड में व्हाट्सएप ग्रुप बनाए। सोशल मीडिया पर वहां की गतिविधियां शेयर करें। कॉलेज, स्कूलों के वार्ड वाइज ग्रुप बनाए। मानसून में जलभराव से निपटने के लिए योजना पूर्व में ही तैयार करें। अवैध कचरा प्वाइंट को खत्म करें। स्वच्छता अभियान व सफाई अभियान की मॉनिटरिंग करें। प्रतिबंधित पॉलिथीन खत्म करने के लिए कपड़े के बैग वितरित करें। जो लोग समझाने के बावजूद प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल कर रहे है। उन पर कार्रवाई की जाए। शहर के शौचालयों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# अब पुराने समय जैसा नहीं रहा बच्चों को पढ़ाना : डॉ.भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में शुक्रवार को क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चार स्कूलों के 60 शिक्षकों को स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस विषय का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर द मिलेनियम स्कूल चीका के प्रधानाचार्य राजन शर्मा व सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल पिंजौर से डॉ.पल्लवी भारद्वाज बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए।

मुख्य वक्ता राजन शर्मा ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है, क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है, ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सके। डॉ.पल्लवी भारद्वाज ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा है। इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है। जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है, बल्कि प्रतिदिन नई चीजों को सीखते हुए जीवन में सफलता हासिल करता है। प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा स्कूल परिसर में दो दिवसीय क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अद्यतन करना है।

# निर्जला एकादशी पर नाचरौन के ग्रामीणों ने राहगीरों को मीठा व ठंडा जल पिलाया



- राहगीरों को शर्बत व चने का प्रशाद दिया गया
- रादौर-जठलाना मार्ग पर छबील का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार को नाचरौन गांव के ग्रामीणों ने रादौर-जठलाना मार्ग पर छबील का आयोजन किया गया।

इस दौरान राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाकर पुण्य कमाया। मौके पर ठंडे मीठे जल के साथ प्रसाद भी वितरित किया गया। शुक्रवार को नाचरौन गांव के ग्रामीण मास्टर साहब सिंह, पंडित रामचरण शर्मा, पूर्व पंच धर्मबीर सिंह, राजीव राणा, बिंद्र राणा, जयपान, विकास शर्मा व परवीन राणा के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण गांव के नजदीक रादौर जठलाना मार्ग पर पहुंच गए और ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। करीब साढ़े दस बजे छबील व चने का प्रशाद वितरित करने का कार्य आरंभ कर दिया गया था जो करीब दोपहर बाद चार बजे तक चलता रहा। इस दौरान हजारों राहगीरों को शर्बत व चने का प्रशाद दिया गया। मास्टर साहब सिंह व पंडित रामचरण ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी पर यह छबील लगाई गई। उन्होंने बताया कि छबील लगाने से जहां गर्मी के मौसम में राहगिरों की प्यास बुझाई गई। वहीं, निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगिरों को मीठा जल पिलाना पुण्य का कार्य है।



यमुनानगर। बार रूम में जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बैज लगाकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

# रक्तदान से बचाई जा सकती कई लोगों की जानः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- जिला बार एसोसिएशन ने बार रूम में रक्तदान शिविर का करवाया आयोजन
- शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा शुक्रवार को बार भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ किया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत चौहान ने अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि एवं जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हम जो रक्तदान करते हैं उससे कई लोगों की जाने बचाई जा सकती हैं। उन्होंने जिला के सभी वकीलों व अन्य लोगों से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय रोड़ एक्सीडेंट के बाद लोगों की जान बचाने के लिए रक्त की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करें और लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान शिविर में जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मौके पर एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए नगर के सभी चौकों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की। इनकी मांग पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आश्वासन देते हुए कहा कि शहर में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए जल्द ही सभी चौकों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। ताकि आमजन दुर्घटना होने से बच सके और गलत तरीके से वाहन चलाने वालों के चालान भी ऑनलाइन काटे जा सकें । टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके यातायात को सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि शहर के यातायात को सुव्यवस्थित बनाकर ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विक्रांत चौहान व एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त का स्वागत किया।

### ये रहे मौजूद

मौके पर एडवोकेट रण सिंह चौहान, रणबीर, विशाल अग्रवाल, राम कुमार रादौरी, बृजेश प्रताप,सोनिया रोहिला, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार सहित जिला बार एसोसिएशन के सदस्य व पदाधिकारी एवं अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मेधावी विद्यार्थियों को दी बधाई

# सुपर-100 के होनहारों को उपायुक्त ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** उपायुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

- उपायुक्त ने बताया कि छात्रा प्रार्थना मिश्रा, सानिया चौहान , छात्र शुभम व छात्रा सलोनी ने जेईई एडवांस व जेईई मेंस 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है

हरियाणा सरकार की स्कूल के विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही योजना सुपर-100 के जिले के कई विद्यार्थियों ने आईआईटी, जेईई एडवांस व जेईई मेंस-2025 के परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा परीणाम में सफलता प्राप्त करने वाले जिला के सुपर-100 के होनहार एवं मेधावी बच्चों को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल पुरानी सब्जी मंडी जगाधरी की छात्रा प्रार्थना मिश्रा, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल व्यासपुर की छात्रा सानिया चौहान , राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर स्कूल व्यासपुर के छात्र शुभम व राजकीय हाई स्कूल फतेहपुर की छात्रा सलोनी ने जेईई एडवांस व जेईई मेंस 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ व्यक्तित्व विकास पर भी पूरा पूरा ध्यान देने के लिए आहवान किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने विद्यार्थियों को समझाया कि वह शिक्षा के साथ एक्स्ट्रा करिकुलम गतिविधियों में भाग लेकर सफलता हासिल करें। स्कूली जीवन से आगे का सफर तय करते हुए जीवन का पाठ भी अच्छे से सीखना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपना आत्मविश्वास बनाए रखना है और घबराना नहीं है। उपायुक्त ने जिले के बच्चों से इन मेधावी विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर अपना, अपने परिवार और अपने शिक्षकों एवं स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ विशाल सिंघल व डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### आईटीआई उमरी में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

कुरुक्षेत्र। विश्व पर्यावरण दिवस को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उमरी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम को मनाने के लिए संस्थान में निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व पेड लगाओ-पर्यावरण बचाओ रैली इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग व्यवसायों के 450 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### परशुराम कॉलेज में किया योग अभ्यास

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के निदेर्शानुसार आज योग एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के 117 प्रतिभागियों- जिसमें शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शीश पाल की प्रेरणादायी उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्राणायाम, ध्यान तथा विविध योगासनों का अभ्यास किया गया।

### राष्ट्र प्रेम मंच ने किया पौधरोपण

कुरुक्षेत्र। एडवोकेट चैंबर्स, तहसील कॉम्प्लेक्स कुरुक्षेत्र में पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्र प्रेम मंच के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला बाल कल्याण परिषद कुरुक्षेत्र के चेयरमैन कृष्ण पांचाल शामिल हुए। कृष्ण पांचाल ने बताया कि आज ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण होना जरूरी है, शुद्ध वातावरण के लिए हर व्यक्ति को एक पौधा मां के नाम जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विजय सैनी ने कहा कि पौधा लगाना आध्यात्मिक तौर पर भी महत्व रखता है।

### बीएमडी कैंप में 60 मरीजों की जांच

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को बीएमडी जांच शिविर लगाया गया,जिसमें 60 से अधिक मरीजों की हड्डियों की जांच की गई। जांच में 16 मरीजों की हड्डी कमजोर मिली है। उन मरीजों को उपचार देने के साथ-साथ विशेषज्ञों ने जरूरी हिदायतें भी दी हैं। शल्य तंत्र विभाग के चेयरमैन डॉ.राजेंद्र चौधरी ने बताया कि आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में हर महीने के पहले शुक्रवार को शल्य तंत्र विभाग द्वारा हड्डी खनिज घनत्व कैंप लगाया जाता है।

## निर्जला एकादशी पर जिलेभर में समाजसेवियों ने की सेवा, जगह-जगह लगाए पंडाल

# मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की बुझाई प्यास

### प्रमुख चौराहों पर विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने छबील लगाकर पुण्य कमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

निर्जला एकादशी पर शहर में मीठे पानी की छबील लगाई गई। शहर के प्रमुख चौराहों पर विभिन्न संगठनों के सदस्यों और समाजसेवियों ने लोगों ने शर्बत, मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया। सड़कों के किनारे लोग छबील लगाकर आते-जाते लोगों को ठंडा पानी पिलाते नजर आए। निर्जला एकादशी को भीम एकादशी भी कहते हैं। इस दिन बगैर जल का सेवन किए व्रत रखे जाने का विधान है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। लोग इस दिन दान कर पुण्य कमाते हैं। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा और पुजारी पण्डित राहुल मिश्रा के निर्देशन में निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव से मीठा शर्बत और जल पिलाने की सेवा अमित बंसल,योगेश कुमार, हिमांक सैनी, गजेन्द्र रावत, मयंक क्वात्रा, जपनाम सिंह सहित छोटे छोटे बच्चों ने की। इस शुभ अवसर पर सुभाष शर्मा, सतपाल धर्मशोत , लव नय्यर, भक्त सुशील तलवाड़ और सतपाल सैनी आदि मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने बताया कि निर्जला एकादशी को श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना भी उत्तम होता है। ज्येष्ठ मास में अपने समय अनुसार गाय सेवा ,जीव जन्तुओं और असहायों की सेवा, गरीबों और ब्राह्मणों को कपड़े, छाता, जूता, फल, मटका, पंखा, शर्बत, पानी, चीनी आदि का दान करना चाहिए।







### शास्त्री नगर में लगाई छबील



कुरुक्षेत्र। जिला में निर्जला एकादशी पर कई स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगाई गई, जिसमें राहगीरों व स्थानीय लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। वहीं, अमीन रोड पर शास्त्री नगर में समाजसेवी विपिन गुप्ता के नेतृत्व में छबील लगाई गई। विपिन गुप्ता सहित राजेश, सेम, कुणाल सहित अनेक लोगों ने राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। विपिन गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को पानी पिलाने से बड़ी कोई सेवा नहीं है। सभी समर्थ लोगों व संस्थाओं को गर्मी के मौसम में इस तरह से पानी की छबील लगानी चाहिए। विपिन गुप्ता ने कहा कि उनके द्वारा छबील लगाने के पीछे मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में आने-जाने वाले लोगों को मीठा पानी पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत दिलाना है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को मीठा पानी पिलाना एक पुण्य का कार्य है और इससे इन्द्र देवता भी प्रसन्न होते हैं।

### जिप कार्यालय समक्ष पिलाया शरबत

- प्राचीन मान्यताओं के अनुसार निर्जला एकादशी के दिन दान का बड़ा महत्व

पुराने समय से चली आ रही एकादयी के दिन मीठा पानी पिलाने की परंपरा

निर्जला एकादशी पर जिPला परिषद कुरुक्षेत्र कार्यालय के सामने राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाकर जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी डीपी ने सेवा भाव का संदेश दिया। भीषण गर्मी के चलते जिला परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहगीरों व वाहनों को रोककर यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया। छबील को सुबह से प्रारंभ कर दोपहर तक चलाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी डीपी ने कहा कि प्राचीन मान्यताओं के अनुसार निर्जला एकादशी के दिन दान और सेवा का बड़ा महत्व होता है। हमारे धर्म में ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी में निर्जला एकादशी का व्रत करने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ मास में गर्मी अपने चरम पर होती है। मनुष्य से लेकर पशु-पक्षी और पेड़ पौधे सभी को जल की आवश्यकता होती है।

### शाहबाद के गोपी विहार में लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

नगर के गोपी विहार स्थित गोपालजी कंपलेक्स के सामने ज्येष्ठ मास की निर्जला एकादशी के उपलक्ष में ठंडे मीठे जल की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। नगर के सभी बाजरो और गली मोहल्ले में ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। लोगों ने भीषण गर्मी के चलते अपनी प्यास बूझाकर मन को तृप्त किया। ज्येष्ठ मास में हर वर्ष भीषण गर्मी पड़ती है बाजार के दुकानदार हर वर्ष निर्जला एकादशी पर ठंडे मीठे जल की छबील लगाते हैं और पुण्य के भाग्य बनते हैं। कुछ महिलाएं और पुरुष निर्जला एकादशी के मौके पर निर्जल व्रत भी करते हैं जोकि द्वादशी के दिन अन्न जल ग्रहण करते हैं। यह एक बहुत तपस्या का काम है। इस मौके पर विपुल ऋषि राजू सुरेंद्र राणा के अलावा काफी भक्तगण और सेवादार मौजूद रहे।

### निर्जला एकादशी तप, सेवा और आत्मशुद्धि का दिव्य संगम है : बलराम गौतम

कुरुक्षेत्र। धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र स्थित माँ कात्यायनी मंदिर के पवित्र प्रांगण में निर्जला एकादशी के पुण्य अवसर पर पराशक्ति साधक वेदपाठशाला चैरीटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से शीतल जल, जीरा पानी व फ्रूटी की अमृतमयी छबिल का आयोजन श्रद्धा, सेवा और समर्पण भाव से सम्पन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन के अवसर पर प्रख्यात आध्यात्मिक मार्गदर्शक पं. बलराम गौतम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्जला एकादशी केवल व्रत नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि, तपस्या की पराकाष्ठा और सेवा की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। जब हम प्यासे पथिक को जल प्रदान करते हैं, तो वह केवल जल नहीं, करुणा और धर्म की धार होती है, जो हमारी आत्मा को भी शीतलता प्रदान करती है। इस सेवायज्ञ में पं. सोमनाथ गौतम आचार्य, गोपाल गौतम, अनिल गौतम, रूद्र गौतम, डॉ. संजय शर्मा, अशोक गर्ग,धर्मपाल सैनी, बंटी सैनी, अश्वनी अरोड़ा, जयदीप मल्होत्रा, अंशुल अरोड़ा, गगनदीप, जगदीप जागलान, धर्मवीर वकील किरमच, अग्रवाल ब्रदर्स, चरणजीत गाबा का सराहनीय योगदान रहा। शुभम के नेतृत्व में वेदपाठशाला के समस्त विद्यार्थीगण सहित अनेक समर्पित सेवाव्रती सदस्यों ने तन, मन और भाव से योगदान दिया।



### रेलवे रोड पर छबील लगा पिलाया शरबत



कुरुक्षेत्र। रेलवे रोड पर रिटायर्ड डीएसपी राजकुमार द्वारा ठंडे-मीठे जल की छबील लगाई गई। इसमें आसपास के दुकानदारों ने सहयोग दिया। छबील की सेवा करते हुए रिटायर्ड डीएसपी राजकुमार व जिला बार कुरुक्षेत्र से एडवोकेट शिव शक्ति चौधरी ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना एक पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में जल सेवा मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा है क्योंकि गर्मी के दिनों में पानी के आभाव में न जाने कितनी जाने चली जाती है, यदि प्यासे को पानी मिल जाए तो वह उसके लिए जीवन दान है। इसलिए गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाने की सेवा करनी चाहिए, ताकि दूसरों का जीवन बचा सकें। उन्होंने कहा कि मानव के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की सेवा करना चाहिए। छबील में राजकुमार, एडवोकेट शिव शक्ति, अंकित कुमार ने राहगीरों को मीठा पानी पिलाया।

## मुख्यमंत्री के ओएसडी ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

- पीने के पानी और निकासी के विकास कार्यों पर चल रहा काम

मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लाडवा विधानसभा के 19 गांवों में 11.50 करोड़ रुपये से पीने के पानी और निकासी के विकास कार्यों पर काम चल रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में 2024 से अब तक इस क्षेत्र में लगभग 110 करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए हैं, कुछ पूरे हो गए हैं और कुछ प्रक्रियाधीन है।

सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से न केवल लाडवा, बल्कि हर विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह शुक्रवार को लाडवा के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित खुले दरबार में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचने पर नगर पालिका चेयरमैन साक्षी खुरान व मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

असके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि अब लाडवा विधानसभा के लोगों को अपनी समस्याएं सुनाने के लिए चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर लाडवा विधानसभा के लोगों के लिए लाडवा में खुला दरबार आयोजित किया जा रहा है।

## प्रकृति को बचाना है, तो खुद को बदलना होगा : बीके शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज के डी.डी. कॉलोनी सेवा केंद्र द्वारा विविध गतिविधियों से युक्त विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि प्रकृति से आध्यात्मिक जुड़ाव की अनुभूति कराना भी रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत दो नृत्य और एक लघु नाटिका ने उपस्थितजनों को गहराई से प्रभावित किया। लघु नाटिका ने दर्शकों को झकझोर दिया जिसमें यह दिखाया गया कि प्लास्टिक का अत्यधिक प्रयोग किस तरह धरती, जल और जीव-जंतुओं को संकट में डाल रहा है। सेवा केंद्र संचालिका बी.के. शकुंतला दीदी ने अपने संदेश में कहा कि जब तक हम आत्मा की पवित्रता को नहीं समझेंगे, तब तक प्रकृति की पवित्रता की रक्षा भी नहीं कर सकेंगे। मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे फीनिक्स क्लब के प्रेजिडेंट राजेश वधवा ने भी पर्यावरण पर अपने विचार रखते हुए लोगों से आह्वान किया कि पर्यावरण सुरक्षा केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, अपितु प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है।



## भाजपा के संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा कार्यशाला का आयोजन सेक्टर 8 के भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का आगाज किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता व पूर्व मंत्री विशंबर वाल्मीकि रहे। उनके साथ लोकसभा संयोजक राहुल राणा, जिला संयोजक चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर व जिला अध्यक्ष कैथल ज्योति सैनी ने विभिन्न विषयों पर वक्तव्य पेश किया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने लोकसभा के सभी मण्डल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों व अपेक्षित संयोजकों, सह-सहयोजकों को पार्टी के अग्रिम कार्यनीति व संगठनात्मक कार्यक्रमों बारे विस्तार से जानकारी दी। बिशंबर वाल्मीकि ने भाजपा सरकार की प्रदेश की उपलब्धियों बारे विस्तार से जानकारी दी। जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी ने सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर आत्म प्रकाश मनचंदा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, सतपाल जांबा, कुलवंत बाजीगर, सुभाष कलसाना, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी, सुशील राणा, अशोक गुर्जर, अणु मालयान, सतपाल मास्टर, ललित माटा, मनीष सिन्धवानी मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को सिखाए आर्थिक प्रबंधन के गुर



कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर में समर कैंप के पंचम दिवस पर बच्चों को आर्थिक प्रबंधन के गुर सिखाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें फैडरल बैंक के प्रतिनिधि नितिन,रोशनी नायर तथा श्रेयांशी विद्यालय में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आर्थिक प्रबंधन एक ऐसी प्रक्रिया है जो धन के प्रभावी ढंग से उपयोग के लिए योजना बनाती है। इसका उद्देश्य संसाधनों का कुशल उपयोग और अनावश्यक खर्चों को कम करके आय बढ़ाना, दायित्वों को पूरा करने के लिए नकदी प्रवाह बनाए रखना,वित्तीय जोखिम को कम करना है।

### समर कैंप में छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को मिली नई दिशा

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में 31 मई से 6 जून 2025 तक स्किल स्पार्क 2025 समर कैम्प का भव्य आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना और उनकी सृजनात्मक प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्यारह प्राचीन एवं नवीन कलाओं से संबंधित बहुआयामी गतिविधियाँ आयोजित की गईं जिनमें प्राचीन कलाओं से संबंधित मिट्टी से बर्तन निर्माण कला, बढ़ई कार्य कला तथा नवीन कलाओं से संबंधित लेखन कला, नाटक और नृत्य, वेबसाइट डिजाइनिंग,कुकिंग एंड बेकिंग, म्यूजिक आर्ट्स एंड क्राफ्ट,रोबोटिक्स,सर्किट डिजाइनिंग व घुड़सवारी आदि का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में विद्यालय के 137 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक गतिविधि को प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।इन गतिविधियों ने छात्रों को न केवल नई स्किल्स सिखाईं बल्कि उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीमवर्क जैसी जीवन-परक क्षमताओं को भी मजबूती प्रदान की। कार्यशाला के समापन समारोह में विद्यार्थियों ने सीखे हुए कौशलों का प्रदर्शन अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से किया। विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन करती एक प्रदर्शनी को भी लगाया गया। प्रत्येक गतिविधि से एक-एक प्रतिनिधि ने अपने सात दिवसीय कार्यशाला के अनुभव सांझा किए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों में कौशल विकसित करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा हुनर वाला व्यक्ति ही होनहार होता है। इस अवसर पर डॉ. ममता सचदेवा, रणधीर वालिया, प्रधानाचार्य नारायण सिंह उपस्थित रहे।



## मीरी-पीरी मेडिकल कॉलेज की सेवा संभाल जरूर लेगी कमेटी: दादूवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



- छह जून के दिन को छोटा कल्लूघारा दिवस के रूप में मनाया जाता है : दादूवाल

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सिख धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए विश्व प्रसिद्ध एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा मैंबर जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि आज के दिन छोटा कल्लूघारा दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन हुए शहीदों को नमन करने के लिए हरियाणा कमेटी द्वारा गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में शहीदी समागम करवाया गया, जिसमें भारी गिनती में संगत ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि मीरी-पीरी अस्पताल शाहाबाद मारकंडा को लेकर एसजीपीसी पदाधिकारियों द्वारा बयानबाजी करना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले अनुसार हरियाणा राज्य में जिनती भी चल अचल संपत्ति एसजीपीसी की है, उस पर हरियाणा कमेटी का अधिकार है और मीरी-पीरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ शाहाबाद की भूमि पर बना हुआ है, जिसे एक प्राईवेट ट्रस्ट बना कर चलाया जा रहा है। इस कॉलेज एवं अस्पताल की सेवा संभाल जल्द ही हरियाणा कमेटी लेगी।

एक प्रश्न का जवाब देते हुए जत्थेदार दादूवाल ने कहा कि मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब महाराज के प्रकाश उत्सव में शामिल होने का न्यौता प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा द्वारा दिए जा रहे हैं।

### एनईपी को विकसित भारत के संकल्प के साथ लागू करने में दे योगदान

वीसी एवं एकेडमिक लीडर्स के लिए एक कार्यशाला

## विश्वविद्यालयों में कुलपति कहलाए जाएंगे कुलगुरु यूनिवर्सिटी एक्ट में किया जाएगा परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जे.सी.बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद में एनईपी-2020 के तहत हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद द्वारा सभी वाइस चांसलर्स एवं एकेडमिक लीडर्स के लिए इंटर्नशिप विषय पर कार्यशाला शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भागीदारी करते हुए बताया कि कार्यशाला में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए कि अब सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति को आगे से भारतीय परम्परा अनुसार कुलगुरु कहा जाएगा।



### कुवि में 172 इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय अप्रेंटिसशिप इंटीग्रेटेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू करे जिसमें प्रोग्राम की पूरी अवधि के 50 प्रतिशत अवधि की अप्रेंटिसशिप इंडस्ट्री के साथ हो सकती है जिसके लिए बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के साथ अथवा सीधा इंडस्ट्री के साथ एमओयू करने चाहिए। हरियाणा में इंटर्नशिप को विद्यार्थियों के लिए बहुत ही स्टूडेंट फ्रेंडली तरीके से लगाया जा रहा है ताकि विद्यार्थी इंडस्ट्री के साथ साथ अगर चाहे तो अपने गांव में रह कर भी इंटर्नशिप कर सके।

**इन विषयों में शुरू होगा**

प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इसी वर्ष से बीसीए, बीकॉम प्रोफेशनल, बीएससी इवेंट मैनेजमेंट, बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी इन चार विषयों में अप्रेंटिसशिप इंटीग्रेटेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू करेगा।

### उच्चतम ग्रेड प्राप्त किया: सचदेवा

आने वाले समय में यूनिवर्सिटी एक्ट में भी परिवर्तन किया जाएगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कार्यशाला में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ लगाने वाला हरियाणा देश का प्रथम राज्य है। सभी शिक्षकों का कर्तव्य है कि वो भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देश की बेहतरी व विकसित भारत के संकल्प के भाव के साथ पूर्णतया लागू करने में अहम योगदान दें। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने नैक ए-प्लस-प्लस उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, डॉ. एस.के. गक्खड़, डॉ. एस.के तोमर, डॉ. एस.के तोमर, डॉ. असीम मिगलानी, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ. पवन शर्मा, डॉ. मंजूला, डी.पी. भारद्वाज व एकेडमिक लीडर्स मौजूद थे।

## प्रोफेशनल कोर्सों में बढ़ा रुझान, सरकारी कॉलेज में एडमिशन के लिए मारामारी

# बीसीए-बीबीए छात्रों की पहली पसंद

**कॉलेज में 1260 सीट के मुकाबले 2400 से ज्यादा आवेदन आए, सभी कॉलेजों में चल रही है दाखिले की प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

इन दिनों में जिले के राजकीय, एडिड, सेल्फ फाइनांस कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। यह आवेदन नौ जून तक किए जाएंगे। राजकीय कॉलेजों की बात करें तो छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सबसे ज्यादा आवेदन पहुंच रहे हैं। यहां कॉलेज में 1260 सीट के मुकाबले 2402 आवेदन पहुंच चुके हैं। दाखिले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में है। एडिड व सेल्फ फाइनांस कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन कम पहुंच रहे हैं। प्रोफेशनल कोर्स में अभ्यर्थी दिलचस्पी दिखा रहे हैं लेकिन परंपरागत कोर्स में रुझान कम है।

**बीसीए और बीबीए पहली पसंद**

कॉलेजों में बीसीए और बीबीए कोर्स में ज्यादा आवेदन आ रहे हैं, जबकि बाकी अन्य कॉलेजों में सीट के मुकाबले या उससे कम आवेदन पहुंच रहे हैं। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीसीए में 100 सीट के मुकाबले 530 आवेदन आ चुके हैं। इसी तरह बीबीए कोर्स में 60 सीट के मुकाबले 266 आवेदन पहुंचे हैं। इन दोनों कोर्स में आवेदन ज्यादा आने से कट ऑफ ज्यादा रहेगी। इससे दाखिला लेने के लिए कठिन मुकाबला रहेगा। अभी कॉलेजों में आवेदन फार्म को सत्यापित करने का कार्य चल रहा है। यह कार्य सभी कॉलेजों में किया जा रहा है। अगर किसी अभ्यर्थी के फार्म में कोई कमी होगी तो अभ्यर्थी के मोबाइल पर मैसेज के जरिए सूचना दी जाएगी और उस कमी को अभ्यर्थी को ऑनलाइन ही ठीक करना होगा।

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाला छावनी**

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 400 | 654 |
| बीए विद मेजर इन अंग्रेजी | 60 | 38 |
| बीए विद मेजर इन राजनीति शास्त्र | 40 | 67 |
| बीबीए | 60 | 266 |
| बीकॉम | 240 | 382 |
| बीकॉम ऑनर्स | 60 | 120 |
| बीकॉम कंप्यूटर एप्लीकेशन | 60 | 51 |
| बीसीए | 100 | 530 |
| बीएएमसी | 60 | 25 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 60 | 128 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 120 | 123 |
| बीटीएम | 60 | 18 |

**18 को लगेगी पहली सूची**

कॉलेज में आगामी 18 जून को पहली मेरिट सूची चस्पा की जाएगी। इसके बाद 19 जून को पहली फाइनल मेरिट सूची जारी होगी। पहली सूची जारी होने के बाद फीस जमा करवाने के लिए 20 से 23 जून के बीच करवानी होगी। इसके बाद 25 जून को दूसरी प्रोविजनल सूची जारी होगी। 26 जून को दूसरी फाइनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। अभ्यर्थी 27 से 29 जून तक फीस जमा करवा सकेंगे। इसके उपरांत सीट खाली होने पर 1 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग से सीट भरी जाएंगी। प्रिंसिपल डॉक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू चल रही है। कॉलेज में दाखिले के लिए सभी कोर्स में रुझान देखने को मिल रहा है। परंपरागत कोर्स के साथ ही प्रोफेशनल कोर्स की मांग बढ़ती नजर आ रही है।

**बीकॉम व बीसीए पहली पसंद**

इसी तरह पंजोखरा साहिब स्थित श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीबीए और बीसीए कोर्स में दाखिले किए जाएंगे। कॉलेज में वैसे तो सभी कोर्स में दाखिले को लेकर रुझान है लेकिन बीकॉम और बीसीए में विद्यार्थी अधिक रुचि ले रहे हैं। अल्पसंख्यक (माइनॉरिटी) कॉलेज होने के कारण कॉलेज में ऑफलाइन दाखिले किए जा रहे हैं। खालसा कॉलेज में बीए की 160, बीकॉम की 80, बीबीए की 40 और बीसीए की 40 सीट पर दाखिले किए जाएंगे। आवेदन के बाद कॉलेज में सूची जारी की जाएगी।



## शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए योग जरूरी

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में योग शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने स्वयंसेवकों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज योग न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हो चुका है। योग पद्धति को अपनाकर अनेक शारीरिक एवं मानसिक रोगों का इलाज संभव हुआ है। यह निरंतर जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनता जा रहा है।

# परमात्मा एक सूक्ष्म शक्ति जो सभी आत्माओं की पिता

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सुख शांति व समृद्धि को लेकर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व भाई।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में आसपास के क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में साढौरा से आए हुए जयप्रकाश भाई ने अपने गीतों से सबका मन मोह लिया और सेंटर का रूहानी वातावरण बन गया संस्था से जुड़े सभी सदस्यों ने मडिटेशन कर सुख शांति आनंद का अनुभव किया। सेवा केंद्र प्रभारी बीके हरदीप दीदी ने मेडिटेशन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज के समाज के जो हालात है उसमे स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए एक परमपिता परमात्मा की याद ही सर्वोत्तम उपाय है और आध्यात्मिकता ही हमारे जीवन का सार है।

वह सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा जो सर्वगुण और सर्व शक्तियों का सागर है उससे यदि हम शांति की किरणें प्राप्त करेंगे तो हमारे भीतर भी शांति आ जाएगी और बाहर भी वातावरण शांत हो जाएगा। इससे पहले उन्होंने आत्मा और परमात्मा को काफी डिटेल में समझाया कि वास्तव में परमात्मा क्या है? परमात्मा एक सूक्ष्म शक्ति है जो हम सभी आत्माओं का पिता है हम सब के अंदर जो शक्ति विराजमान है वह आत्मा है लेकिन हम आत्मा को नहीं जानने के कारण अपनी शक्तियों से भी अनभिज्ञ है तो सबसे पहले हमें स्वयं की पहचान होना अति आवश्यक है ।

हम सभी आत्माओं के अंदर सुख शांति प्रेम आनंद ज्ञान शक्ति पवित्रता भरपूर मात्रा में भर के परमात्मा ने भेजा था लेकिन अब हम अपने आप को भूलने के कारण दुख और अशांति फैलाने लग गई तो हमें फिर से अपने असली गुण व शक्तियों को को इमर्ज करना है और समाज में फैलाना है जब हमारे मन के विचार शुद्ध हो जाएंगे तो वातावरण भी शुद्ध हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वह शांति का प्रेम का सुख आनंद का सागर है। सत्यम शिवम सुंदरम है और ब्रह्मा कुमारी संस्था के माध्यम से वह इस समाज को परिवर्तन करने का कार्य कर रहा है जो पिछले 89 वर्षों से चल रहा है। ब्रह्माकुमारी संस्था में अपने विकारों को खत्म करके एक अच्छा संसार बनाने का लक्ष्य दिया जाता है। उसकी शुरुआत खुद से ही की जाती है कि मैं बदल लूंगा तो मुझे देखकर सभी बदलेंगे।

# शारीरिक मजबूती के लिए छात्रों ने किया योग फिर पौधे लगाकर पर्यायवरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. खुशीला के तत्वाधान व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. देविंदर ढींगरा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग अभ्यास सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, एनएसएस व एनसीसी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनसीसी अधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार द्वारा योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और योग के लाभों पर प्रकाश डाला गया। योग सत्र के उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। डॉ. ढींगरा ने भी युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और पर्यावरण को संरक्षित रखने का प्रण लें। कार्यक्रम का समापन ओम के उच्चारण से हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों की सक्रिय भागीदारी रही।



नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में योगाभ्यास करते हुए ।

## मुस्तैदी से किया जाए समस्याओं का निवारण

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर मात्र एक जन संवाद कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता और प्रशासन के बीच भरोसे की वह मजबूत कड़ी है जो जनता के विश्वास को ओर सुदृढ़ बनाता है। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी को आपसी समन्वय के साथ पूरी मुश्तैदी से कार्य करना है। उपायुक्त आज अपने कार्यालय मे समाधान शिविर के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीसी के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की।

# समाज के निर्माण में सबकी भागेदारी जरूरी

- मेयर शैलजा सचदेवा ने मिशन वात्सल्य को लेकर आयोजित कार्यक्रम में की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि समाज बहुत बड़ी ईकाई होता है। समाज के अच्छे निर्माण में सबकी भागेदारी बेहद आवश्यक है। लडक़ा एवं लड़कियों को गुड टच व बैड टच के बारे में संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए स्कूलों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से यह कार्य करना होगा, तभी अच्छे समाज की परिकल्पना की जा सकती है। मेयर शैलजा सचदेवा शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में मिशन वात्सल्य के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थी। यहां पहुंचने पर सीडब्लयूडी की चेयरपर्सन रंजीता सचदेवा, डीसीपीओ ममता रानी व अन्य ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके साथ मनोनीत निगम सदस्य एवं एडवोकेट संदीप सचदेवा, सदस्य यतिन बंसल, मनोनीत सदस्य सुरेश सहोता व अन्य मौजूद रहे। सचदेवा ने इस मौके पर जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा आयोजित की गई कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि लडक़ा एवं लड़कियों को गुड एवं बैड टच के साथ-साथ उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से इस विषय को लेकर निरंतरता में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है लेकिन इसमें आम जनमानस का सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्कूलों में विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जानकारी दी जाती है, उसी प्रकार ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ एसोसिएशन द्वारा भी सदस्यों को साथ लेकर कार्यक्रम करके इस विषय बारे जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों के साथ कुछ गल्त होता है तो उन्हें पता होना चाहिए, इस बारे वह कहां शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य अधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर चेयरपर्सन सीडब्लयूसी रंजीता मेहता, , वुमैन सैल से अरविंदरजीत कौर, डीएमसी सुरेंद्र कुमार व सीडीपीओ सुमन बाला, सदस्य रेखा शर्मा, सदस्य खुशपाल सिंह, सुपरवाइजर अनीता, एसडब्लयू रोबिन सैनी, एसडब्लूय दीपिका गुप्ता, अनीता रोहिला भी मौजूद रही।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**बम्पर इनामी योजना-2025**

नाम.............................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.............................................
पता.............................................तहसील ....................पिन....................
जिला .......................... फोन नं. .......................... एजेंट का नाम ..........................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

**नियम व शर्तें** **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶ **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶ योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶ **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▶▶ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶ हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ▶▶ यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶ वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶ हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▶▶ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶ प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶ पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶ किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶ अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶ ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶ विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶ प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶ सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

**हरिभूमि कार्यालय , नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक**
**फोन : 9253681019-20, 9253681010, 9253681005**